<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1216

11 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए

लौह-आधारित उद्‌योग की स्थापना

1216. श्री लक्ष्मण गिलुवाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार झारखण्ड के सिंहभूम में जहां बृहत लौह-भंडार हैं, रोजगार सृजन हेतु लौह-आधारित उद्‌योग स्थापित करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) से (ग): जी नहीं। इस्पात नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के कारण सरकार की भूमिका उद्‌योग की निरंतर वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मक विकास के लिए अनुकूल नीतिपरक वातावरण उपलब्ध कराने हेतु सुविधाप्रदाता की है। अतः उद्‌योग स्थापन और कार्मिकों की भर्ती आदि के लिए विशिष्ट निर्णय इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्‌वारा विभिन्न वाणिज्यिक विचार-विमर्शों के आधार पर व्यक्तिगत तौर पर लिए जाते हैं।

****